
# चम्पारण ज्ञानाग्रह


**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 13 अप्रैल 2026, अंक –257.**

**प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"अभ्यास वह सीढ़ी है जो साधारण को असाधारण बना देती है।" — स्वामी विवेकानंद



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादकः- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Monday Prayer

सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।

सदा हमारे सिर पर तेरा हाथ रहे,
हर सुख-दुख संकट में तेरा साथ रहे,
हां, हर सुख-दुख संकट में तेरा साथ रहे;
खुशियों का हो जीवन में आयाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

मिलकर इस धरती को चमन बनाएं हम,
गांधी, गौतम, रामकृष्ण बन जाएं हम।
हां, गांधी, गौतम, रामकृष्ण बन जाएं हम;
यही हमारा हो हरदम पैगाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा....

मात-पिता की सेवा और सम्मान करें,
उनकी खुशियों पर सब कुछ कुर्बान करें।
हां, उनकी खुशियों पर सब कुछ कुर्बान करें।
अच्छे कर्म का अच्छा परिणाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा....

शुद्ध भाव से तेरा ध्यान लगाएं हम,
विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम।
हाँ, विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम।
तुम्ही से है आगाज़ तुम्हीं से अंजाम प्रभु,
करते है हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

गुरुओं का सत्कार कभी न भूले हम,
इतना बनें महान गगन को छु ले हम।
हाँ, इतना बनें महान गगन को छु ले हम।
तुम्हीं से है हर सुबह तुम्ही से शाम प्रभु,
करते है हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा......

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरुगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।

संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।



# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य


अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

**प्रश्न 1: कनाडा की राजधानी कहाँ है?**
**उत्तर: ओटावा (Ottawa)**
**प्रश्न 2: विश्व का सबसे गहरा महासागर कौन सा है?**
**उत्तर: प्रशांत महासागर (मरियाना ट्रेंच इसी में स्थित है)**
**प्रश्न 3: 'हॉर्नबिल' (Hornbill) उत्सव किस भारतीय राज्य में मनाया जाता है?**
**उत्तर: नगालैंड**
**प्रश्न 4: एक 'त्रिआयामी' (3D) आकृति जैसे कि घन (Cube) में कुल कितने फलक (Faces) होते हैं?**
**उत्तर: 6 (जैसे लूडो का पासा)**
**प्रश्न 5: बिहार के किस शहर को 'सिल्क सिटी' (रेशम का शहर) के नाम से जाना जाता है?**
**उत्तर: भागलपुर**
**प्रश्न 6: भारत का 'राष्ट्रीय कैलेंडर' किस संवत पर आधारित है?**
**उत्तर: शक संवत**
**प्रश्न 7: 'भाप इंजन' (James Watt) के बाद, 'डीजल इंजन' का आविष्कार किसने किया था?**
**उत्तर: रुडोल्फ डीजल (Rudolf Diesel)**
**प्रश्न 8: भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत 'छुआछूत' (Untouchability) को समाप्त किया गया है?**
**उत्तर: अनुच्छेद 17**
**प्रश्न 9: 'विद्यार्थी' शब्द का सही संधि-विच्छेद क्या होगा?**
**उत्तर: विद्या + अर्थी (दीर्घ स्वर संधि)**
**प्रश्न 10: वायुमंडल में ऑक्सीजन गैस की मात्रा लगभग कितने प्रतिशत है?**
**उत्तर: लगभग 21% (नाइट्रोजन 78% के बाद दूसरी सबसे बड़ी गैस)**

## संकलन:-



पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

1. Run – (रन) – दौड़ना
2. Walk – (वॉक) – चलना
3. Read – (रीड) – पढ़ना
4. Write – (राइट) – लिखना
5. Speak – (स्पीक) – बोलना
6. Say – (से) – कहना
7. Listen – (लिसन) – सुनना



संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

# English गप-शप

**थीम: “क्या वे ... हैं?” (Are they ...?)**

**क्या वे खुश हैं? – Are they happy?**
**क्या वे ठीक हैं? – Are they fine?**
**क्या वे तैयार हैं? – Are they ready?**
**क्या वे व्यस्त हैं? – Are they busy?**
**क्या वे सुरक्षित हैं? – Are they safe?**



संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. आज 13 अप्रैल को भारतीय इतिहास की किस हृदयविदारक घटना की वर्षगांठ पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: जलियांवाला बाग हत्याकांड (1919)
व्याख्या: 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में शांतिपूर्ण सभा कर रहे निहत्थे लोगों पर जनरल डायर ने गोलियां चलवा दी थीं। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया और स्वतंत्रता संग्राम में एक निर्णायक मोड़ साबित हुई। शहीदों का यह बलिदान हमें अपनी आजादी की कीमत याद दिलाता है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 8 इतिहास, अध्याय 9, पृष्ठ 115।

2. हाल ही में 'बिहार सरकार' ने किस जिले में 'राज्य का पहला अत्याधुनिक मौसम विज्ञान केंद्र' (Weather Station) स्थापित करने हेतु भारतीय मौसम विभाग के साथ समझौता किया है? (समसामयिकी)
उत्तर: गया
व्याख्या: अप्रैल 2026 में गया में दक्षिण बिहार के लिए एक विशेष मौसम केंद्र की स्थापना को मंजूरी मिली है। यह केंद्र वज्रपात (ठनका), लू और वर्षा की सटीक चेतावनी समय रहते देगा, जिससे जान-माल के नुकसान को कम किया जा सकेगा। यह बिहार की आपदा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।
संदर्भ: आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार (अप्रैल 2026)।

3. "शिशुपाल वधम्" नामक महाकाव्य के रचयिता कौन हैं ? (पुस्तक - लेखक)
उत्तर: महाकवि माघ
व्याख्या: संस्कृत साहित्य के महान कवि माघ द्वारा रचित यह महाकाव्य भगवान कृष्ण द्वारा शिशुपाल के वध की कथा पर आधारित है। इसमें राजनीति, युद्ध कौशल और मानवीय भावनाओं का उत्कृष्ट वर्णन मिलता है। यह ग्रंथ अपनी शब्द-शक्ति और अर्थ-गौरव के लिए विश्व प्रसिद्ध है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 7 इतिहास, अध्याय 9।

4. मृदा निर्माण का मुख्य कारक क्या है? (पर्यावरण)
उत्तर: अपक्षय
व्याख्या: मृदा का निर्माण मुख्यतः चट्टानों के अपक्षय (weathering) से होता है। तापमान, जल, वायु और जैविक गतिविधियाँ चट्टानों को धीरे-धीरे तोड़कर मिट्टी में परिवर्तित करती हैं। यह प्रक्रिया हजारों वर्षों में पूरी होती है और कृषि एवं वनस्पति के लिए अत्यंत आवश्यक होती है।
संदर्भ: NCERT Class 7 Geography, Ch 2 (Inside Our Earth), p. 10–12

5. पुरापाषाण काल के दौरान मानव द्वारा बनाए गए 'शैल चित्रों' (Rock Paintings) के सबसे प्रसिद्ध अवशेष कहाँ से प्राप्त हुए हैं? (इतिहास)
उत्तर: भीमबेटका (मध्य प्रदेश)
व्याख्या: भीमबेटका की गुफाओं में हजारों साल पुराने चित्र मिले हैं, जिनमें उस समय के मानव के शिकार, नृत्य और दैनिक जीवन को दर्शाया गया है। ये चित्र प्राकृतिक रंगों से बनाए गए थे जो आज भी सुरक्षित हैं। यह हमारी आदिम कला विरासत का सबसे बड़ा प्रमाण है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 2, पृष्ठ 14।

6. अक्षांश रेखाएँ किस दिशा में खींची जाती हैं? (भूगोल)
उत्तर: पूर्व-पश्चिम
व्याख्या: अक्षांश रेखाएँ पृथ्वी पर पूर्व से पश्चिम दिशा में खींची जाती हैं और ये भूमध्य रेखा के समानांतर होती हैं। इनका उपयोग स्थान की स्थिति निर्धारित करने और जलवायु क्षेत्रों को समझने में किया जाता है। यह भौगोलिक निर्देशांक प्रणाली का महत्वपूर्ण भाग है।
संदर्भ: NCERT Class 6 Geography, Ch 2 (Globe: Latitudes and Longitudes), p. 12–14

7. भारतीय संविधान में 'निवारक निरोध' (Preventive Detention) का प्रावधान किस मौलिक अधिकार के अपवाद के रूप में दिया गया है? (संविधान)
उत्तर: अनुच्छेद 22 (स्वतंत्रता का अधिकार)
व्याख्या: अनुच्छेद 22 के तहत किसी व्यक्ति को अपराध करने से रोकने के लिए उसे पहले ही हिरासत में लिया जा सकता है। यद्यपि यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सीमित करता है, लेकिन इसे राष्ट्र की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक माना गया है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 11 राजनीति विज्ञान, अध्याय 2, पृष्ठ 35।

8. वैसी रासायनिक अभिक्रिया जिसमें उत्पाद के निर्माण के साथ-साथ 'अविलेय ठोस' (Precipitate) बनता है, क्या कहलाती है? (विज्ञान)
उत्तर: अवक्षेपण अभिक्रिया (Precipitation Reaction)
व्याख्या: जब दो जलीय विलयनों को मिलाने पर एक सफेद या रंगीन ठोस पदार्थ बनता है जो पानी में नहीं घुलता, तो उसे 'अवक्षेप' कहते हैं। उदाहरण के लिए, सोडियम सल्फेट और बेरियम क्लोराइड की अभिक्रिया से बेरियम सल्फेट का अवक्षेप प्राप्त होता है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 10 विज्ञान, अध्याय 1, पृष्ठ 11।

9. कथक नृत्य का प्रमुख विकास किस क्षेत्र में हुआ? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: उत्तर भारत
व्याख्या: कथक नृत्य उत्तर भारत का प्रमुख शास्त्रीय नृत्य है, जिसका विकास विशेष रूप से लखनऊ और जयपुर घरानों में हुआ। इसमें कहानी कहने (कथा) की परंपरा, भाव-भंगिमा और ताल का सुंदर समन्वय होता है। यह भारतीय सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है।
संदर्भ: NCERT Class 7 History, Ch 9, p. 124–126

10. बिहार के किस जिले में 'कौशिकी' (कोसी) और गंगा नदी का संगम होता है, जिसे 'कुर्सेला' के नाम से जाना जाता है? (बिहार GK)
उत्तर: कटिहार
व्याख्या: कटिहार जिले के कुर्सेला नामक स्थान पर कोसी नदी गंगा में समाहित होती है। कोसी को 'बिहार का शोक' भी कहा जाता है क्योंकि यह अक्सर अपना मार्ग बदलती है। यह संगम क्षेत्र भौगोलिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।
संदर्भ: SCERT बिहार कक्षा 9 भूगोल; बिहार आर्थिक सर्वेक्षण।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (अप्रैल W2): 'विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति' (SDMC) का अध्यक्ष पदेन रूप से कौन होता है? (विद्यालय सुरक्षा)
उत्तर: विद्यालय के प्रधानाध्यापक
व्याख्या: आपदा कैलेण्डर 2026 (अप्रैल W2) के अनुसार, प्रत्येक विद्यालय में आपदा प्रबंधन हेतु एक समिति का गठन अनिवार्य है। प्रधानाध्यापक इसके अध्यक्ष होते हैं, जबकि फोकल शिक्षक सदस्य सचिव होते हैं। इसमें बाल प्रेरकों और शिक्षा समिति के सदस्यों को शामिल कर विद्यालय सुरक्षा योजना तैयार की जाती है।
संदर्भ: मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम एवं सुरक्षित शनिवार वार्षिक सारणी।

12. 'दूध' का संबंध जो 'सफेद' से है, वही संबंध 'कोयला' का किससे होगा? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: काला
व्याख्या: यह एक सरल 'सादृश्यता' (Analogy) का प्रश्न है। जिस प्रकार दूध का प्राकृतिक रंग सफेद होता है, उसी प्रकार कोयले का प्राकृतिक रंग काला होता है। यह प्रश्न छात्रों की प्रेक्षण क्षमता और सामान्य समझ को विकसित करता है।
संदर्भ: NTSE मानसिक योग्यता अभ्यास।

GK संकलन:-
**शैलेन्द्र कुमार**
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण।



अनुभाग-4

# -: शब्द - संगम :-

Unique (यूनिक) = Special (स्पेशल) = अद्वितीय / खास
🔁 Antonym – Common (कॉमन) = सामान्य
Vast (वास्ट) = Huge (ह्यूज) = विशाल
🔁 Antonym – Tiny (टाइनी) = छोटा
Wise (वाइज) = Intelligent (इंटेलिजेंट) = बुद्धिमान
🔁 Antonym – Foolish (फूलिश) = मूर्ख
Xenial(ज़ीनियल)= Hospitable (हॉस्पिटेबल) = अतिथि-सत्कार करने वाला
🔁 Antonym – Unfriendly (अनफ्रेंडली) = असहयोगी / अप्रिय
Yield (यीएल्ड) = Produce (प्रोड्यूस) = उत्पन्न करना / देना
🔁 Antonym – Withhold (विदहोल्ड) = रोकना



~: संकलन :~
**राकेश कुमार राव**
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

PM Modi launches 'Viksit Bharat 2047' roadmap for next 20 years; focuses on AI, semiconductors, green energy and self-reliant defence manufacturing.
पीएम मोदी ने अगले 20 वर्षों के लिए 'विकसित भारत 2047' रोडमैप लॉन्च किया; AI, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा और आत्मनिर्भर रक्षा विनिर्माण पर फोकस।

India successfully test-fires Agni-5 MIRV nuclear-capable missile from Odisha coast; enhances strategic deterrence capabilities.
भारत ने ओडिशा तट से अग्नि-5 MIRV परमाणु क्षमता वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया; रणनीतिक निवारक क्षमता मजबूत।

Government announces ₹50,000 crore additional fund for semiconductor and EV battery manufacturing under PLI scheme.
सरकार ने PLI योजना के तहत सेमीकंडक्टर और EV बैटरी विनिर्माण के लिए अतिरिक्त ₹50,000 करोड़ का फंड घोषित किया।

## INTERNATIONAL NEWS

Fragile Iran ceasefire holds for 4th day; Trump and Iranian officials hold first indirect talks in Oman; hope rises for permanent peace deal.
ईरान युद्धविराम चौथे दिन भी कायम; ट्रंप और ईरानी अधिकारियों के बीच ओमान में पहली अप्रत्यक्ष बातचीत; स्थायी शांति समझौते की उम्मीद बढ़ी।

Houthis agree to temporary halt in Red Sea attacks following US pressure; global shipping companies begin resuming original routes.
हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी दबाव के बाद लाल सागर हमलों में अस्थायी रोक लगाई; वैश्विक शिपिंग कंपनियां मूल मार्गों पर लौटने लगीं।

China and Russia call for immediate lifting of all sanctions on Iran as part of peace process; UNSC emergency meeting scheduled tomorrow.
चीन और रूस ने शांति प्रक्रिया के तहत ईरान पर सभी प्रतिबंध हटाने की अपील की; कल UNSC की आपात बैठक।

## BIHAR NEWS

**CM Nitish Kumar returns from Delhi after high-level NDA meetings; hints at major political announcements in coming days.**
**सीएम नीतीश कुमार दिल्ली से उच्च स्तरीय NDA बैठकों के बाद लौटे; आने वाले दिनों में बड़े राजनीतिक घोषणाओं का संकेत।**

**Bihar records highest ever wheat procurement this season; CM praises farmers and officials for record performance.**
**बिहार में इस सीजन गेहूं की सर्वाधिक खरीद; सीएम ने किसानों और अधिकारियों की सराहना की।**

## SPORTS NEWS

**IPL 2026: Chennai Super Kings register emphatic win over Royal Challengers Bengaluru; Ravindra Jadeja takes 5-wicket haul in a match-turning spell.**
**आईपीएल 2026: चेन्नई सुपर किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर शानदार जीत दर्ज की; रविंद्र जडेजा का 5 विकेट वाला मैच-घुमावदार स्पैल।**

**Virat Kohli smashes 102 off 48 balls as RCB bounces back strongly; remains orange cap contender in IPL 2026.**
**विराट कोहली ने 48 गेंदों पर 102 रन की धमाकेदार पारी खेली, RCB ने जोरदार वापसी की; IPL 2026 में ऑरेंज कैप दावेदार बने रहे।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण ।**

✍️ **संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

प्रेरक प्रसंग

# "अम्बेडकर: एक गुरु की देन"

महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के अंबावडे गाँव से जुड़ा एक बालक था—भीमराव। वह अत्यंत बुद्धिमान था, लेकिन समाज में उसे भेदभाव का सामना करना पड़ता था। विद्यालय में उसे अलग बैठाया जाता, पानी तक छूने नहीं दिया जाता, फिर भी उसने पढ़ाई नहीं छोड़ी।

उसका मूल नाम था भीमराव रामजी सकपाल। अपने गाँव के नाम के आधार पर विद्यालय में उसका नाम भीमराव अंबावडेकर लिखा गया।


इसी विद्यालय में एक शिक्षक थे—महादेव अंबेडकर। वे ब्राह्मण थे। उन्होंने भीमराव की प्रतिभा को पहचाना। जहाँ समाज उसे पीछे धकेल रहा था, वहीं इस शिक्षक ने उसे स्नेह, सम्मान और प्रोत्साहन दिया। वे उसे अपने पास बैठाते, पढ़ाई में सहायता करते और हमेशा कहते—
"शिक्षा ही तुम्हारी सबसे बड़ी शक्ति है, कभी हार मत मानना।"

भीमराव के जीवन में यह पहली बार था जब किसी ने उस पर विश्वास किया। इस विश्वास ने उसके भीतर आत्मबल भर दिया।

कहा जाता है कि उनके शिक्षक ने ही उनके नाम "अंबावडेकर" को सरल करके "अंबेडकर" कर दिया। यही नाम आगे चलकर उनकी पहचान बन गया। यह केवल एक उपनाम नहीं, बल्कि उस गुरु के स्नेह और मार्गदर्शन का प्रतीक था।
समय बीतता गया और वही बालक आगे चलकर डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम से प्रसिद्ध हुआ—एक महान विद्वान, समाज सुधारक और भारतीय संविधान के निर्माता।

🌟 **संदेश**

"सच्चा गुरु वही है, जो भेदभाव मिटाकर प्रतिभा को पहचान दे और उसे आगे बढ़ने का आत्मविश्वास दे।"



................✍️
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

अनुभाग-7

# "शिक्षक संवर्धन"

## नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत कैसे करें ?

विद्यालय की किसी कक्षा में शैक्षिक सत्र की शुरुआत बहुत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि इसी समय छात्रों में सीखने की रुचि, आत्मविश्वास और अनुशासन की नींव पड़ती है। यदि कक्षा में शुरुआत सही तरीके से की जाए, तो उस कक्षा में पूरे सत्र पढ़ाई सुचारु रहती है। कक्षा के सही शुरुआत के सरल और प्रभावी तरीके निम्नवत् हो सकते हैं:

कक्षा में शिक्षकों द्वारा सबसे पहले छात्रों को अपना परिचय देते हुए एक एक कर उनका परिचय प्राप्त कर कक्षा के वातावरण को सहज एवं सरल बनाना चाहिए। छात्रों को खुलकर बोलने का मौका देना चाहिए साथ ही कक्षा में मित्रवत वातावरण बनाना चाहिए। इससे बच्चे न केवल सहज महसूस करेंगे बल्कि वे पढ़ाई में भी रुचि लेंगे।

शिक्षकों को शुरुआत में ही छात्रों का सभी विषयों में प्रारंभिक स्तर का आकलन बेस लाईन टेस्ट द्वारा कर लेना चाहिए। छात्रों के बेस लाईन टेस्ट में प्रश्न छोटे या मौखिक मौखिक लेना चाहिए। शिक्षकों को यह जानकारी प्राप्त करनी चाहिए कि छात्र पढ़ना, लिखना, गणितीय संक्रिया में किस स्तर पर हैं। इससे वे उनकी क्षमता के अनुसार उनके लिए शिक्षण योजना तैयार करने में सक्षम होंगे। प्रतिदिन कक्षा की सरल और रोचक तरीके से शुरुआत करते हुए भाषा जैसे विषयों से शिक्षण आरंभ करनी चाहिए तथा विज्ञान और गणित जैसे अवधारणात्मक विषयों को उसके बाद लिया जाना चाहिए। खेल, कहानी, चित्र, गतिविधि आधारित शिक्षण किया जाना चाहिए। कहानी से हिंदी, खेल से गणित को प्रारंभ करना चाहिए। इससे बच्चे बोर नहीं होते और जल्दी सीखते हैं। सत्र के प्रारंभ में ही विद्यालय में छात्रों के लिए नियम और दिनचर्या तय करना चाहिए और उसका अनुरोधपूर्वक निवेदन करते हुए पालन कराया जाना चाहिए। ये नियम छात्रों के साथ मिलकर बनाया जाना चाहिए।

• जैसे: समय पर आना, ध्यान से सुनना, साफ-सफाई रखना। अपनी बारी का इंतजार करना आदि। इससे विद्यालय में और छात्रों में अनुशासन अपने आप विकसित होता है।

आरंभ में छात्रों के लिए छोटे-छोटे लक्ष्य तय करना चाहिए। रोज़ या साप्ताहिक लक्ष्य तय करना चाहिए।

• जैसे: रोज नए शब्द सीखना, गणित के कुछ प्रश्न हल करना आदि। इससे छात्रों को अपनी प्रगति दिखती है और वे सीखने को अभिप्रेरित होंगे। इसमें सभी छात्र-छात्राओं को शामिल करना चाहिए। कमजोर और तेज दोनों पर एक समान ध्यान देना चाहिए। समूह कार्य कराने पर जोर दिया जाना चाहिए।इससे कोई छात्र पीछे नहीं छूटता। छात्रों को सकारात्मक प्रोत्साहन देते रहना चाहिए। उनकी छोटी-छोटी उपलब्धियों की प्रशंसा करते रहना चाहिए। "बहुत अच्छा", "शाबाश" जैसे शब्द प्रयोग कर छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाना चाहिए। सत्र की शुरुआत में अभिभावकों के साथ बैठक कर छात्रों की पढ़ाई और आदतों के बारे में बात कर उनको समझने की कोशिश करनी चाहिए। इससे घर और स्कूल दोनों मिलकर सहयोग करते हैं।

कक्षा में नियमित पुनरावृत्ति कराया जाना चाहिए। हर सप्ताह पढ़े गए विषय को दोहराना चाहिए। इसके लिए भी छोटे-छोटे टेस्ट लिये जाने चाहिए इससे उनकी सीख स्थायी होगी।

छात्रों की रुचि के अनुसार विषय जैसे: खेल, चित्रकारी, गाना आदि को भी दैनिक क्रियाकलापों में शामिल करना चाहिए। याद रखना आवश्यक है कि शैक्षिक सत्र की शुरुआत में डर नहीं, बल्कि उत्साह और रुचि पैदा करना सबसे जरूरी है। अगर शुरुआत अच्छी होगी, तो पूरा साल बेहतर रहेगा। तो आईए हम अपने विद्यालय में शैक्षिक सत्र की शुरुआत मनोवैज्ञानिक तरीके से करने का प्रयास करें।



मनोज कुमार झा
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।

आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 31

## (इंटरमीडिएट के बाद – B.Com (Bachelor of Commerce) – उन्नत दृष्टिकोण)

## 'संपादकीय'

प्रिय विद्यार्थियों,

यदि आप व्यापार, अकाउंटिंग, टैक्सेशन, बैंकिंग और वित्तीय प्रबंधन में गहराई से करियर बनाना चाहते हैं, तो B.Com केवल एक डिग्री नहीं, बल्कि कॉर्पोरेट और प्रोफेशनल कोर्स (CA/CS/CMA) की मजबूत नींव है। इस कोर्स में Financial Accounting, Cost Accounting, Business Law, Income Tax, Auditing, Economics, E-Commerce आदि विषय पढ़ाए जाते हैं, जो आपको व्यापारिक दुनिया के लिए तैयार करते हैं।

अर्हता: 12वीं उत्तीर्ण (Commerce वरीय, परंतु अन्य संकाय भी पात्र); सामान्यतः 45–50% अंक आवश्यक।

नामांकन प्रक्रिया: अधिकांश विश्वविद्यालयों में मेरिट आधारित ऑनलाइन प्रवेश; कुछ संस्थान प्रवेश परीक्षा भी लेते हैं।

बिहार के प्रमुख सरकारी विश्वविद्यालय:

Patna University – patnauniversity.ac.in

Magadh University – magadhuniversity.ac.in

Babasaheb Bhimrao Ambedkar Bihar University – brabu.net

देश के प्रमुख सरकारी संस्थान:

University of Delhi – du.ac.in

Banaras Hindu University – bhu.ac.in

Aligarh Muslim University – amu.ac.in

कोर्स अवधि: 3 वर्ष (NEP-2020 के अंतर्गत 4-वर्षीय विकल्प उपलब्ध)।

करियर एवं रोजगार की संभावना: अकाउंटेंट, टैक्स कंसल्टेंट, बैंकिंग प्रोफेशनल, ऑडिटर, फाइनेंस एग्जीक्यूटिव, सरकारी नौकरियाँ (Bank/SSC/BPSC)। प्रारंभिक वेतन ₹20,000–40,000 प्रति माह, प्रोफेशनल कोर्स के साथ ₹50,000+ तक।

विशेष करियर मार्ग:

CA (Chartered Accountant)

CS (Company Secretary)

CMA (Cost & Management Accountant)

आगे के अवसर: M.Com, MBA (Finance), Banking & Insurance, Data Analytics in Finance।

वित्तीय सहायता: बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) से उच्च शिक्षा हेतु सहायता मिलती है। छात्रवृत्ति के लिए National Scholarship Portal – scholarships.gov.in पर आवेदन करें।

संक्षिप्त सलाह: यदि आप फाइनेंस, अकाउंटिंग या कॉर्पोरेट सेक्टर में विशेषज्ञ बनना चाहते हैं, तो B.Com के साथ प्रोफेशनल कोर्स जोड़ना आपके करियर को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकता है।

अगले पत्र में – मैट्रिक के बाद : Plumbing (ITI/Skill Course)।



शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

## आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# Thank You..

## बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चम्पारण।
(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080
teachersofbihar@gmail.com
+917250818080
www.teachersofbihar.org